प्रेस नोट संख्या-35
दिनांक 25.03.2026
सराहनीय कार्य मोहनगंज पुलिस
"ऑपरेशन चक्रव्यूह" अभियान के तहत चोरी की योजना बना रहे 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 तमंचा, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, रस्सा व लोहे की सब्बल बरामद।

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** अभियान एवं अपराध व अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी तिलोई श्री दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में दिनांक 25.03.2026 को थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्तों 1.भारत पुत्र जगप्रसाद निवासी ग्राम पूरे बैजनाथ मजरे मेढ़ौना थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 26 वर्ष, 2.उमेश पुत्र जगप्रसाद उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम मेढ़ौना थाना मोहनगंज जनपद अमेठी गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त भारत के कब्जे से 01 तमंचा, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 रस्सा व 01 टार्च, एवं अभियुक्त उमेश के कब्जे से 01 लोहे की सब्बल व 01 टार्च बरामद हुई।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम और हमारे 02 अन्य साथी 1.लल्लन पुत्र नन्हें निवासी ग्राम पूरे दान वैश्य मजरे मेढ़ौना थाना मोहनगंज जनपद अमेठी, 2. शिवा कुमार पुत्र राम चन्दर निवासी ग्राम पूरे निरहीं मजरे लखना बसन्तपुर थाना जामों जनपद अमेठी मिलकर कस्बा शंकरगंज में दुकानों में चोरी करने की योजना कर रहे थे। बरामदगी व गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता–

1. भारत पुत्र जगप्रसाद निवासी ग्राम पूरे बैजनाथ मजरे मेढ़ौना थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 26 वर्ष।
2. उमेश पुत्र जगप्रसाद निवासी ग्राम मेढ़ौना थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 75/26 धारा 313 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।

बरामदगी-

- 01 तमंचा, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 लोहे की सब्बल, 01 रस्सा व 02 टार्च।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री राकेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 सुरेश कुमार दीक्षित थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
3. हे0का0 अरविन्द प्रताप सिंह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
4. हे0का0 संतोष कुमार थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
5. का0 अविनाश यादव थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।